अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि0 बरेली

प्रधान कार्यालय ब्लॉक-ए, दीनदयालपुरम्, बरेली

निविदा सूचना

बैंक की नवीन शाखा किच्छा(उतराखण्ड) के आन्तरिक निमार्ण तथा फर्नीसिंग कार्यों हेतु अधोलिखित कार्यों का अनुभव रखने वाली फर्मों से Two Bid पद्धति से दिनांक 07.12.2023 के अपरान्ह् 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 07.12.2023 को ही अपरान्ह् 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष बैंक की निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा फार्म दिनांक 06.12.2023 तक शाखा डीडीपुरम् बरेली एवं शाखा बहेड़ी पर GST सहित रू0 590/- जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। कार्य की मात्रा को घटाने/बढ़ाने का सर्वाधिकार सक्षम प्राधिकारी को होगा। न्यूनतम मूल्य के निविदादाता को कार्यदिश की तिथि से 45 दिनों के अन्दर कार्य पूर्ण करना होगा। सर्वाधिकार सक्षम अधिकारी में सुरक्षित रहेंगे। टेण्डर के साथ रू0 50000/- धरोहर राशि, अनुभव प्रमाण-पत्र या वर्क आर्डर, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट तथा पैन कार्ड की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा टेण्डर पर विचार नहीं किया जाएगा। 10% जमानत की राशि की कटौती प्रथम बिल से की जायेगी जिसकी वापसी कार्य पूर्ण होने के 6 माह के पश्चात् हो सकेगी।

Work Description	Estimated Amount
Carpentary, Doors, Partitions, Panelling, False Ceiling & P.O.P., Painting, Fire Safety, Electrical and Networking,Channeling,etc.	15.74 Lac
Total	**15.74 Lac**

विस्तृत जानकारी के लिये टेण्डर फार्म के साथ संलग्न नियम व शर्तें, जो बैंक की वेबसाइट www.ucblb.org पर भी देखी जा सकती हैं, को ध्यानपूर्वक पढ़े।

मु.का.अधि.

Scanned with CamScanner

नियम व शर्तें:

1. निविदादाता द्वारा धरोहर राशि (Earnest Money) रु० 50,000/- का डिमांड ड्राफ्ट ("अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि० बरेली" के पक्ष में) अथवा नकद राशि के रूप में जमा की जायेगी। निविदा स्वीकृति की दशा में इसका समायोजन जमानत राशि (Retension Money) में कर लिया जाएगा।
2. जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत होगी, उसके कार्य संबंधी प्रथम बिल से कुल स्वीकृत टेंडर राशि के 10% की राशि जमानत (Retention Money) के रूप में काटी जायेगी, जो अंतिम भुगतान (Final Payment) के छः माह बाद कार्य संतुष्टि के उपरान्त निविदादाता को वापस की जायेगी।
3. स्वीकृत निविदा में इंगित समस्त कार्य, आदेश प्राप्ति की तिथि से 45 दिन के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा। किसी कारणवश यदि कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण नहीं होता है तो कार्य करने वाली फर्म की प्रार्थना पर अधिकतम 15 दिन का extention दिया जा सकता है तथा आदेश प्राप्ति की तिथि से 60 दिन से अधिक का विलम्ब होने की दशा में निविदा राशि के 1% के बराबर प्रति दिन अथवा कुल लागत की अधिकतम 10% की कटौती की जायेगी। निर्धारित 45 दिनों में कार्य पूर्ण करने पर Retention Money की 30% राशि अवमुक्त की जा सकती है।
4. कार्य संबंधी बिलों का भुगतान टेंडर में अंकित दरों पर ही किया जाएगा, जिसका बाज़ार भाव के उतार चढ़ाव से कोई सम्बन्ध नहीं होगा।
5. निविदादाता द्वारा निविदा की राशि जी.एस.टी. सहित दी जायेगी।
6. निविदा में निर्धारित ब्रांड/मानक की सामग्री कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व ही मंगाकर बैंक परिसर में रखी जायेगी जिसका परीक्षण शाखा प्रबंधक/बैंक प्रबंधन/बैंक आर्किटैक्ट द्वारा किया जाएगा। उसके बाद ही निर्माण सामग्री प्रयोग में लायी जायेगी।
7. समस्त प्रकार का भुगतान शाखा प्रबंधक/बैंक प्रबंधन/बैंक आर्किटेक्ट द्वारा परीक्षण करने व संतुष्टि के उपरान्त नियमानुसार टी.डी.एस. तथा 10% रिटेंशन मनी की कटौती करते हुए निम्नानुसार किया जाएगा :

   (i) इंटीरियर का 60% कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इस मद में आवंटित धनराशि का 60% का भुगतान किया जा सकेगा। शेष 40% धनराशि का भुगतान Final Payment के समय किया जाएगा।

   (ii) इलेक्ट्रिकल वर्क्स एवं आई.टी.केबलिंग (Networking) आदि का 60% कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इस मद में आवंटित धनराशि का 60% का भुगतान किया जा सकेगा। शेष 40% धनराशि का भुगतान Final Payment के समय किया जाएगा।

   (iii) कार्य संबंधी बिलों का भुगतान मौके पर कार्य के मेज़रमेंट एवं टेंडर में दी गयी दरों के आधार पर बैंक आर्किटेक्ट द्वारा निरीक्षण करने तथा बिलों का सत्यापन करने के उपरान्त शाखा प्रबंधक की संस्तुति के आधार पर किया जाएगा|
8. ऐसी फर्म जिसके प्रोपराइटर/पार्टनर आर्किटेक्ट या सिविल इंजिनियर डिग्री धारक हैं, को Technical Bid में प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

Accepted

Signature & Seal

Scanned with CamScanner